## महत्वपूर्ण एवं खास

### मतदान के दिन निर्वाचन क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों में सामान्य अवकाश घोषित

**रायगढ़।** नगर पालिका निगम उप निर्वाचन 2022 हेतु नगरीय निकायों के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय द्वारा अवकाश के संबंध में आदेश प्राप्त हुआ है। वर्तमान में जिले के नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 में उप निर्वाचन 2022 का कार्य प्रक्रियाधीन है जिसके तहत 9 जनवरी 2023 को मतदान कराया जाएगा। उक्त निर्वाचन क्षेत्र में 9 जनवरी 2023 को मतदान करने के लिए शासकीय कार्यालयों में सामान्य अवकाश के संबंध में निर्देश जारी किए गए है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में भी मतदान करने के लिए शासकीय कार्यालयों में सामान्य अवकाश के संबंध में निर्देश जारी किए गए है।

### हाथियों के दल ने सुखरीताल में तोड़ा घर

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोटा वनमंडल के पसान व केंदई रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। पसान रेंज में जहां तीन हाथी जलके सर्किल के ग्राम पंचायत सरमा में घूम रहे हैं, वहीं 18 हाथियों का दल केंदई रेंज के कोरबी सर्किल अंतर्गत सालही पहाड़ व रार बहरा के आसपास मंडरा रहे हैं। जलके सर्किल में मौजूद हाथियों ने बीती रात सुखरी ताल में उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया। वहीं तीन अन्य लोगों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे अरहर की फसल को रौंद दिया। जलके में भी हाथियों ने खेतों में उत्पात मचाया और वहां भी फसल रौंद दी है। जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

### सर्चिंग पर निकली टीम ने बरामद किया 25 किग्रा का आईईडी

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, और कैम्प ऐटेपाल छसबल 9/सी समवाय की टीम सर्चिंग पर निकली थी। सर्चिंग के दौरान थाना मिरतुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेचापाल-ऐटेपाल के मध्य मुण्डा तालाब के पास से रोड के बीचो -बीच नक्सलियों द्वारा लगाये गये 25 किग्रा का आईईडी सुरक्षा बलों द्वारा बरामद किया गया। आईईडी कमाण्ड सिस्टम से लगाया गया था, जिसका स्वीच 100 मीटर दूर लगाया गया था। नक्सलियों द्वारा लगाये गये इस आईईडी में विशेष बात यह थी कि आईईडी एवं इलेक्ट्रिक तार को कार्बन में लपेट कर लगाया गया था जिससे आईईडी मेटल डिटेक्टर से डिटेक्ट न हो पाये, सुरक्षा बलो की सतर्कता, सूझबुझ से आईईडी बरामद किया गया जिसे मौके पर बीडीएस मिरतुर की टीम द्वारा निष्क्रिय किया गया।

### एक लाख के इनामी नक्सली के साथ 2 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत 02 नक्सलियों एक लाख का ईनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष लेकाम गुज्जा निवासी थाना चिंतागुफा और मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर मडक़म हिडिय़ा निवासी थाना चिंतलनार ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में डीएसपी तोमेश वर्मा एवं सीआरपीएफ 223 वाहिनी के निरीक्षक आईएस मूर्ति के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। दोनों आत्मसमर्पित नक्सली प्रतिबंधित नक्सली संगठन से जुडक़र थाना चिंतागुफा व थाना चिंतलनार क्षेत्रों में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे है। नक्सलियों का आत्मसमर्पण करने हेतु प्रोत्साहित करने मे 223 वाहिनी सीआरपीएफ के आसूचना शाखा का विशेष योगदान रहा। आत्मसमर्पित नक्सलियों के विरुद्ध सुकमा न्यायालय द्वारा 01-01 स्थायी वारंट जारी किया गया है।

# अधिक पैदावार से सब्जियों की कीमतों में गिरावट, खेतों में छोड़ रहे किसान

**बलरामपुर (आरएनएस)।** रामानुजगंज विगत 20 दिनों से सब्जी के रेट में आई भारी गिरावट से सब्जी उत्पादक चिंतित हैं स्थिति ऐसी हो गई है कि लागत मूल्य भी सब्जी उत्पादक किसानों को नहीं मिल पा रहा है जिसे सब्जी उत्पादक किसान परेशान हैं स्थिति ऐसी हो गई है कि टमाटर 3 रुपए किलो व बैगन 4 रुपए किलो में बिक रहा है। कई वर्षों के बाद सब्जी के रेट में इतनी गिरावट देखी जा रही है।



गौरतलब है कि रामानुजगंज क्षेत्र में दर्जनों गांव के किसानों के द्वारा सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है सब्जी का उन्हें अच्छा मूल्य मिलने से सब्जी उत्पादक उत्साहित है। सब्जी उत्पादन के लिए रकबा प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। वही देखा देखी अन्य किसान भी सब्जी उत्पादन की ओर प्रोत्साहित हो रहे हैं। विगत 20 दिनों से लगातार सब्जी के रेट में भारी गिरावट आ रही है स्थिति ऐसी हो गई है कि टमाटर 3 रुपए किलो, पत्तागोभी आठ रूपए किलो,आलू 15 रुपए किलो, फूल गोभी के13 रुपए किलो, बैगन 4 रुपए किलो, सेम 20 रुपए किलो बिक रहा है। पहले बड़ी संख्या में किसान प्रतिदिन सब्जी लेकर रामानुजगंज थोक सब्जी मंडी में आते थे जहां उनके सभी की बिक्री होती थी परंतु सब्जी के गिरते रेट के कारण बहुत से किसान अब सब्जी लेकर नहीं पहुंच रहे हैं। क्योंकि उन्हें सब्जी का लागत मूल्य यहां तक की तोड़ाई, ढुलाई का श्रम मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है।

**टमाटर और बैगन खेत में ही हो रहे हैं खराब-** टमाटर का रेट 3 रुपए किलो एवं बैगन का रेट 4 रुपए किलो हो जाने से बहुत से किसान तो टमाटर एवं बैगन को खेत में ही छोड़ दे रहे हैं जिस कारण क्षेत्र में ही टमाटर बेगन सड़ जा रहे हैं। सब्जी उत्पादक किसानों के सामने ऐसा करने की मजबूरी हो गई है।

**नहीं मिल रहे हैं खरीददार-** पहले जहां यहां की सब्जी आसानी से बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों की सभी मंडियो तक बिक जाती थी परंतु सब जगह उत्पादन होने कारण अभी बाहर नहीं जा पा रहा है और सभी का मूल्य लगातार गिर रहा है।

**क्षेत्र में टमैटो प्रोसेसिंग प्लांट की आवश्यकता-** जिस प्रकार से रामानुजगंज क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोगों के द्वारा टमाटर का खेती किया जा रहा है व टमाटर की बंपर पैदावार क्षेत्र में हो रही है उसे देखते हुए टोमेटो प्रोसेसिंग प्लांट की मांग उठने लगी ताकि सब्जी उत्पादकों को अपने टमाटर का उचित मूल्य मिल सके

**बंपर पैदावार, खरीदारों की कमी रेट गिरने का है कारण-** क्षेत्र में सब्जी की बंपर पैदावार हुई है वही खरीदारों की कमी के चलते रेट में भारी गिरावट हुई जिस कारण टमाटर 3 रुपए किलो एवं बैगन 4 रुपए किलो बिक रहा है।

## छत्तीसगढ़ से राजस्थान जाने और आने वाली चार ट्रेनों चलेंगी परिवर्तित मार्ग से

**रायपुर (आरएनएस)।** जोधपुर मंडल के मेडतारोड-जोधपुर रेल खंड में दोहरीलाइन कमीशनिंग हेतु नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 04 ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जायेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के मेडतारोड-जोधपुर सेक्शन के पीपाड़ रोड-राई का बाग पैलेस स्टेशनों के मध्य दोहरीलाइन कार्य के लिए प्री-एनआई/एनआई का कार्य किया जाएगा. इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 4 गाडियां परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

दिनांक 08 एवं 15 फरवरी 2023 को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया फुलेरा-अजमेर-मारवाड़-जोधपुर होकर चलेगी.

दिनांक 11 एवं 18 फरवरी 2023 को जोधपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जोधपुर-मारवाड़-अजमेर-फुलेरा होकर चलेगी.

दिनांक 6, 07, 13 एवं 14 फरवरी 2023 को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया फुलेरा-अजमेर-मारवाड़-भगत की कोठी होकर चलेगी.

दिनांक 9, 11, 16 व 18 फरवरी 2023 को भगत की कोठी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया भगत की कोठी-मारवाड़-अजमेर-फुलेरा होकर चलेगी.

यात्रियों की सुविधा हेतु इन सभी गाडिय़ों का ठहराव अजमेर व मारवाड़ स्टेशन में भी दिया गया है।

## रात में बढ़ी ठंड, अभी और गिरेगा तापमान

**रायपुर (आरएनएस)।** गुरुवार रात को ठंड अधिक महसूस हुई। शुक्रवार सुबह घना कोहरा नजर आया। मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश में हवा के दिशा में परिवर्तन होने की प्रबल संभावना है।



शुष्क और ठंडी हवा के कारण प्रदेश में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से पांच डिग्री की गिरावट हो सकती है। यानी बिलासपुर में रात में ठंडी तेजी से बढ़ेगी। पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ सकता है।

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक छह जनवरी को मौसम शुष्क रहने तथा आकाश साफ रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ ही प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में एक दो पैकेट में हल्के से मध्यम घना कोहरा सुबह देखने को मिल सकता है। बिलासपुर में भी यह स्थिति बनी रह सकती है। आसमान साफ हो जाएगा। फिलहाल बिलासपुर में मौसम खुशनुमा बना हुआ है। कोहरे के साथ आसमान में बादल छाए रहने से दिनभर नमी युक्त हवा चल रही है।

जनवरी में ठंड बरकरार रहेगी। यही कारण है कि कक्षा आठवीं तक के बच्चों के लिए आठ जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। अगले तीन दिनों में अभी पारा गिरेगा। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। ठंड में वृद्धि होगी। शनिवार को सुबह कोहरा नजर आएगा। ठंड बढ़ेगी। तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक संभावना। वहीं, रविवार को मौसम शुष्क रहेगा। सर्दी में वृद्धि। न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना बरकरार रहेगी।

## बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बालक व बालिकाओं में कोविड संक्रमण की रोकथाम हेतु दिशा-निर्देश जारी

**रायगढ़।** कोरोना वायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए वायरस से बचाव हेतु प्रचार-प्रसार एवं नियंत्रण के लिए किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अंतर्गत राज्य में पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बालक/बालिकाओं में संक्रमण रोकने एवं संक्रमण की अवस्था में नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है।



जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था में निवासरत बच्चों को हाथ की स्वच्छता का नियमित रूप से अभ्यास कराते हुए उन्हें बार-बार साबुन व साफ पानी से कम से कम 40 सेकेण्ड तक हाथ धोने हेतु प्रेरित करें। खांसते व छींकते समय रूमाल या कपड़े से मुंह और नाक को ढंकने हेतु प्रेरित करें एवं नाक, मुंह, आंख या चेहरे को छूने से बचने की सलाह दें। संस्था परिसर में कार्यरत स्टॉफ या बालक/बालिकाओं में किसी भी व्यक्ति में कोरोना वायरस के लक्षण जैसे (खांसी, बुखार या सांस लेने में कठिनाई)हो तो अविलम्ब नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/डॉक्टर के पास ले जाये एवं ऐसे बच्चों के उपचार हेतु पृथक से कक्ष चिन्हांकित कर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। संस्था में बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता एवं आवासीय स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें जैसे नियमित रूप से कपड़ो को धोना, कमरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षणों एवं इसके संभावित खतरों की जानकारी आवासीय बालक/बालिकाओं को आवश्यक रूप से प्रदान करें। बच्चों को भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे पार्क, मॉल, बाजार आदि ले जाने से बचें। बाल देखरेख संस्थाओं को कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे (मॉस्क लगाना, परस्पर भौतिक दूरी एवं हाथ एवं मुंह को साफ रखना)का पालन किए जाने हेतु बच्चों को प्रेरित करें। कोरोना वायरस से बचाव के संबंध में 12 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का कोविड-19 टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर प्रथम एवं द्वितीय डोज शत-प्रतिशत करवाने के संबंध में आवश्यक पहल करें। कोरोना वायरस के लक्षण होने पर शासकीय जिला चिकित्सालय/राज्य सर्वेलेंस इकाई नंबर 0771-2235091, 9713373165 या टोल फ्री नंबर 104 पर तत्काल संपर्क करें। चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 10988 नंबर डायल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## गाली गलौच करने से मना करने पर आरोपी ने युवक का डंडे से सिर फोड़ा

- तमनार पुलिस ने आरोपी को हत्या के प्रयास अपराध में किया गिरफ्तार
- आहत को तमनार से रायगढ़ किया गया रिफर

**रायगढ़।** एक जनवरी के शाम थाना तमनार अंतर्गत ग्राम हल्दीझरिया में झगड़ा मारपीट की घटना में एक युवक द्वारा गांव के एक अन्य युवक पर डंडा से सिर पर वारकर प्राण घातक चोट पहुंचाया था। तमनार पुलिस ने आहत की स्थिति देखते हुए उसके मेडिकल रिपोर्ट का पुन: क्यूरी कराकर, रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धारा 307 आईपीसी विस्तारित कर आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



जानकारी के मुताबिक थाना तमनार अंतर्गत ग्राम हल्दीझरिया में दिनांक 01.01.2023 के शाम करीब 06.00 बजे कमल सिदार (20 साल) गांव के लक्षन कुमार राठिया के घर के बाहर लक्षण राठिया और उसके भाई घुराऊ राम राठिया को गाली गलौच कर रहा था जिसे घुराउ गाली गलौच करने से मना किया, दोनों के बीच कहा-सुनी हुई और कमल सिदार पास में रखे जलाउ लकड़ी के डंडा से घुराउराम राठिया के सिर पर वार किया जिससे घुराउराम राठिया के सिर में सुजन आया और वहीं बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोग बीच बचाव किये और आहत घुराउ राम को तमनार अस्पताल लेकर आये। घटना के संबंध में आहत के भाई लक्षन राठिया के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 02/2023 धारा 294, 506, 323 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं आहत घुराउ राम (34 साल) के चोट गंभीर बताते हुए डॉक्टर द्वारा तमनार अस्पताल से बेहतर ईलाज के रायगढ़ रिफर किये। जहां आहत घुराउराम राठिया ईलाजरत है। थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, गवाहों का कथन लिया गया तथा आहत के चोट की स्थिति देखते हुये मेडिकल रिपोर्ट का पुन: डॉक्टर से क्यूरी कराया गया। डॉक्टर द्वारा आहत को आई चोट को गंभीर किस्म का बताने पर प्रकरण में धारा 307 भादवि जोड़ कर आरोपी कमल सिदार की पतासाजी के लिये थाना प्रभारी के नेतृत्व में देर रात पुलिस टीम ग्राम हल्दीझरिया में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ पर आरोपी अपना अपराध स्वीकार करते हुए घटना घटित करना बताया, आरोपी के मेमोरेंडेग पर घटना में प्रयुक्त एक मोटा लकड़ी का डंडा जप्त कर आरोपी कमल सिदार पिता भगत सिदार उम्र 20 साल सा. हल्दीझरिया थाना तमनार जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ के दिशा निर्देशन तथा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे, प्रधान आरक्षक पारसमणी बेहरा, संतोष कुर्रे, आरक्षक कमलेश राठिया और किशोर कुमार कुल्लू की प्रमुख भूमिका रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, चार लोग गंभीर

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा-हाटी सब-हाईवे पर पिछली रात कनबेरी के पास हुए दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से नाराज ग्रामीणों ने मार्ग पर चक्काजाम कर दिया जिसके चलते कई घंटे दोनों दिशा में आवाजाही बाधित रही और लोगों को परेशान होना पड़ा।

एक अन्य हादसा एनएच 120बी में रजकम्मा के पास हुआ। जिसमें दो लोगों को गंभीर चोटें आई है। पीड़ितों को मेडिकल कॉलेज से संबद्ध कोरबा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीती रात कोरबा जिले में पुन: दो सडक़ हादसे हुए। कनबेरी के समीप तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मारकर मौत के घाट उतार दिया। कनबेरी निवासी देवेंद्र सोनी जिनकी उम्र सिर्फ 25 वर्ष थी वे दुर्घटना का शिकार हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने कई घंटे तक चक्काजाम रखा। पुलिस की समझाइश के बाद बमुश्किल ग्रामीण शांत हुए।

दूसरी घटना बिलासपुर कटघोरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रजकम्मा के समीप घटित हुई। तेज रफ्तार से चल रही पिकअप के चालक ने बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों की मदद से अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना को अंजाम देने वाले दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार होने में सफल हो गए हैं।

## सेजस विद्यालयों में रिक्त पदों के लिए 13 तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी द्वारा जारी आदेश के तहत सत्र 2022-23 हेतु जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ में अंग्रेजी/हिन्दी सेजेस विद्यालयों में शिक्षकीय रिक्त पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर करने हेतु विभाग में कार्यरत शिक्षकों से 13 जनवरी 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। इच्छुक शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़, खेलभांठा सारंगढ़ पिन कोड 496445 में पंजीकृत डाक के माध्यम से या कार्यालयीन समय में नियत तिथि को शाम 5 बजे तक उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेंगे।



विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वा.आ.शा.आ.वि.का नाम जहां पद रिक्त है। इनमें 8 पद अंग्रेजी माध्यम से भरे जायेंगे। जिसके तहत व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत 2-2 पद अंग्रेजी माध्यम भटगांव एवं सरसीवा, व्याख्याता रसायन 1 पद अंग्रेजी माध्यम बिलाईगढ़, व्याख्याता सामाजिक विज्ञान 2 पद अंग्रेजी माध्यम सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़, सहायक शिक्षक कला संकाय 1 पद अंग्रेजी माध्यम भटगांव में रिक्त है। इसी तरह 57 पद हिन्दी माध्यम से भरे जायेंगे। इनमें प्रधान पाठक प्राथमिक शाला भटगांव एवं सरसीवा में 2 पद, व्याख्याता हिन्दी भटगांव एवं सरसीवा में 6 पद, व्याख्याता अंग्रेजी भटगांव एवं सरसीवा में 5 पद, व्याख्याता संस्कृत सरसीवा में 2 पद, व्याख्याता गणित भटगांव एवं सरसींवा में 3 पद, व्याख्याता भौतिकी भटगांव में 2 पद, व्याख्याता रसायन भटगांव एवं सरसींवा में 3 पद, व्याख्याता अर्थशास्त्र भटगांव में 1 पद, व्याख्याता वाणिज्य भटगांव एवं सरसींवा में 3 पद, व्याख्याता राजनीति विज्ञान भटगांव, सरसीवा एवं बिलाईगढ़ में 3 पद, व्याख्याता इतिहास भटगांव एवं सरसीवा 2 पद, व्याख्याता भूगोल भटगांव, सरसीवा एवं बिलाईगढ़ में 3 पद, व्याख्याता कृषि भटगांव में 2 पद, व्याख्याता व्यावसायिक अध्ययन सरसींवा में 3 पद, शिक्षक अंग्रेजी, संस्कृत एवं गणित के लिए भटगांव एवं सरसींवा में 2-2 पद, शिक्षक विज्ञान भटगांव, सरसींवा एवं बिलाईगढ़ में 3 पद, शिक्षक सामाजिक विज्ञान भटगांव एवं सरसींवा में 2 पद, व्यायाम शिक्षक भटगांव में 1 पद, कम्प्यूटर शिक्षक सरसींवा में 1 पद तथा सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोग शाला) भटगांव में 3 एवं सरसींवा में 1 पद रिक्त है।

इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## कुपोषण के मामलों पर विशेष ध्यान देने कलेक्टर ने दिए निर्देश

- कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने जिले के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की, साथ ही राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने को कहा। डॉ.सिद्दकी ने मुख्यमंत्री सुपोषण मिशन के तहत समस्त हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करने को कहा। विभाग के अधिकारी ने बताया कि जो कुपोषित बच्चे हैं उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करने के बाद जब डिस्चार्ज किया जाता है, उसके पश्चात अगले 3 महीने तक उनका फॉलोअप लिया जाता है। इसके अलावा कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने मॉडल आंगनबाड़ी के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि आगामी दिनों में वे स्वयं आंगनबाड़ी जाकर निरीक्षण करेंगी। उन्होंने उपस्थित सभी विभागीय पदाधिकारियों को कहा कि जाति प्रमाण पत्र के कार्यो और कुपोषण संबंधी मामलों को प्राथमिकता में लेकर उस पर विशेष ध्यान दें। साथ ही मध्यम कुपोषित और गंभीर कुपोषित बच्चों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागीय अधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में प्राप्त हुए आवेदनों में दस्तावेजों का सत्यापन कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि बाल संदर्भ योजना में शिविर के माध्यम से हितग्राहियों की पहचान की जा रही है और मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत सामूहिक विवाह के लिए प्राप्त आवेदनों का जन्मतिथि का सत्यापन कार्य जारी है।



कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने नोनी सुरक्षा योजना, बच्चों हेतु गर्म भोजन, मातृ वंदना, मुख्यमंत्री सक्षम योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, नारी निकेतन, जिला बाल संरक्षण केंद्र इन विषयों पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेन्द्र जाटवर, परियोजना अधिकारी कृष्ण कुमार साहू, तेजस्वी ध्रुव, गुरबारी पैंकरा, सरिता गुप्ता सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480